हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

10 चालक भी सवारी बैठाने के चक्कर में बीच सड़क...



12 11 दिन में 300 एमएम से अधिक बारिश खत्म होने...



# पॉवर हाउस की यूनिट में आग लगने से बिजली रही गुल, 10 से 15 घंटे लगे ठीक होने में

- 220 केवी पॉवर हाउस के एक पार्ट में स्थित मशीन करंट ट्रांसफार्मर एवं पोटेंशियल ट्रांसफार्मर की संयुक्त मीटरिंग इकाई में अचानक आग लग गई, बरसात मानी जा रही कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बरसात के कारण मंगलवार सवेरे करीब 5 बजे महेंद्रगढ़ रोड स्थित 220 केवी पॉवर हाउस स्थित एक यूनिट की पॉवर सप्लाई मशीन में अचानक आग लग गई, जिस कारण नारनौल शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली 10 से 15 घंटे तक गायब रही। इससे लोगों खासकर बिजली आधारित व्यापार एवं काम धंधा करने वाले लोगों को परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार 220 केवी पॉवर हाउस के एक पार्ट में स्थित मशीन करंट ट्रांसफार्मर एवं पोटेंशियल ट्रांसफार्मर की संयुक्त मीटरिंग इकाई में अचानक आग लग गई। यह आग बरसात के कारण लगनी बताई जा रही है। सवेरे करीब पांच बजे यह घटना हुई। हालांकि यह आग कुछ देर ही लगी और इसे बुझाने के लिए कोई फायर ब्रिगेड नहीं बुलानी पड़ी, लेकिन इस आग से उक्त मशीन एवं केबल बक्से इसकी चपेट में आ गए। इस कारण शहर की बिजली गुल हो गई। बिजली जाने से सवेरे जब बरसात के कारण कुछ अंधेरा छाया हुआ था, उस समय कुछ लोग जाग गए थे, लेकिन अधिकांश सोए हुए थे। सोए हुए लोगों ने तब हलकी गर्मी महसूस की तथा मच्छरों के आतंक से परेशान होने लगे। इससे उनकी नींद खराब हो गई। हालांकि बाद में वह भी जाग गए, लेकिन बिजली की जरूरत पडऩे पर उन्हें बिजली कटने के कारण निराशा हुई। सवेरे उठे लोगों ने अपने मोबाइल फोन रिचार्ज करने चाहे, लेकिन बिजली नहीं होने से वह ऐसा नहीं कर सके।

### अटेली से मंगवाई दूसरी मशीन

जब 220 केवी पॉवर हाउस की सब यूनिट की एक मशीन में आग लग गई, तब उसकी जगह नई मशीन लगाने के लिए बिजली अधिकारियों ने अटेली पॉवर हाउस ने दूसरी मशीन मंगवाई तथा उसे लगाना शुरू किया। आग से हुए नुकसान यानि अन्य मशीनों एवं केबल बक्सों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। बरसात का सीजन होने के बावजूद निगम कर्मी एवं पॉवर हाउस के इंजीनियरिंग शाखा के अधिकारी इस कार्य में जुटे, तब जाकर करीब 10 घंटे में मशीन लग पाई और नुकसान वाली लाइनों की मरम्मत हो पाई।

### यह बोले बिजली अधिकारी

पॉवर हाउस के सीनियर सब स्टेशन इंजीनियर महेंद्र पाल ने बताया कि सवेरे करीब पांच बजे करंट ट्रांसफार्मर एवं पोटेंशियल ट्रांसफार्मर की संयुक्त मीटरिंग इकाई में आग लग गई थी, जिसे मरम्मत करके बहाल कर दिया गया है।



नारनौल। पॉवर हाउस में आग लगने के उपरांत मरम्मत में जुटी इंजीनियरिंग ब्रांच। फोटो: हरिभूमि

### इन एरिया की बिजली रही गायब

बिजली सप्लाई यंत्रों में आग लगने सीटी-5 के अधीन का एरिया यानि जिला नागरिक अस्पताल, रेवाड़ी रोड कैलाश नगर, आदर्श नगर, प्रताप नगर, सराय दूसरान, पुलिस लाइन, बास, प्राणपुरा, नई मंडी, रावका, आधा नलापुर, मालवीय नगर, मोडावाला मंदिर एरिया आदि बिजली कट लग गया। कट लगने के बाद जहां पॉवर हाउस में मेंटीनेंस का कार्य शुरू किया गया, वहीं दूसरे फीडरों से अति जरूरत वाली जगहों पर वैकल्पिक बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई। हालांकि मरम्मत कार्य होने के बाद भी शहर के कई गली-मोहल्लों में बिजली आपूर्ति संभव नहीं हो पाई है। कई मोहल्लों में रात 9 बजे तक बिजली आने की संभावना जताई गई है।

## खबर संक्षेप

### कल नारनौल आएंगे सांसद रामचन्द्र जांगड़ा

**नारनौल।** राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा पांच सितंबर को नारनौल आएंगे। इस अवसर पर वे बीसीए समाज के लोगों को 17 सितंबर को रोहतक में होने वाले विश्वकर्मा दिवस कार्यक्रम का निमंत्रण देंगे। जांगिड़ समाज के राज्य अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़, जिला अध्यक्ष अशोक पैकन, पूर्व अध्यक्ष रोहताश नंबरदार व पंचम कुमार पूर्व जिला प्रधान ने बताया कि सीताराम समारोह स्थल निकट तालाब बहादुर में सांसद जिला के बैकवर्ड क्लास ए समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक करेंगे। इस सन्दर्भ में उन्होंने विधायक ओमप्रकाश यादव से मुलाकात की और इस बैठक में आने का निमंत्रण भी दिया।

### श्री श्याम बाबा का जागरण आज

**मंडी अटेली।** गांव खतरीपुर में श्री श्याम बाबा का विशाल जागरण एवं भंडारा तीन सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए दिनेश यादव ने बताया कि श्याम बाबा का भंडारा प्रात 10 बजे तथा जागरण रात्रि आठ बजे आयोजित किया जाएगा। इस भंडारे में दूर दराज से गांवों के श्रद्धालुअ आकर बाबा का प्रसाद ग्रहण कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। जागरण में गायक कलाकार दीपा चौधरी, जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, नरेश नागर, अन्नु चौधरी बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे।

### मारपीट करने के आरोपी को जेल भेजा

**कनीना।** आपसी कहासुनी में मारपीट के मामले में कार्रवाई करते सदर थाना पुलिस ने आरोपित सत्यप्रकाश वासी नौताना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। आरोपित को मंगलवार को एसडीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस बारे में थाना इंचार्ज सजन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि चालक की नौकरी करने वाले रामअवतार वासी नौताना ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## महिला थाने में जनवरी से अब तक 470 शिकायतें, इनमें 366 परिवादों का आपसी सहमति से किया निपटारा

# 'दहेज डिमांड शिकायत' का सहारा, 70 फीसदी शिकायतें झूठी, निकल रहा दूसरा विवाद

- दहेज डिमांड की शिकायत जांच में अलग ही निकल रहे मामले, शराब पीकर गाली-गलोच करना भी शिकायतों का हिस्सा
- 70 में से अभी तक 34 एफआईआर दर्ज हुई

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

दहेज डिमांड शिकायत का सहारा लेकर महिला पुलिस थाना में शिकायतें पहुंची। जांच पड़ताल की तो ऐसी करीब 70 फीसदी शिकायतें झूठी पाई गई। मामला दूसरा रहता है, पर शिकायत दहेज प्रताड़ना की देकर ससुराल पक्ष पर हैवी होने का प्रयास किया जाता है। सिर्फ करीब 30 फीसदी मामलों में ही शिकायत सही पाई गई है। यह हम नहीं, महिला पुलिस थाना का रिकॉर्ड बोल रहा है। इस थाना में एक जनवरी से 29 अगस्त तक 470 शिकायत पहुंची। जिसमें से 366 शिकायतों पर दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता करवाकर उनका परिवार टूटने से बचाया। अभी 25 शिकायत पेंडिंग है। वहीं 45 शिकायत एडीआर के पास गई है। जब पुलिस थाना व एडीआर में तीन-तीन काउंसलिंग में भी मामला नहीं सुलझा तो 34 एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस का मानना है कि दहेज डिमांड का हवाला देकर जो शिकायतें आई, उनमें से 70 फीसदी शिकायत में मामला ही दूसरा निकला। आपसी कहासुनी, छोटी-छोटी बातों को बड़ा बनाने भी कारण सामने आया। करीब 30 फीसदी शिकायत ही ठीक पाई गई। उनमें भी प्रयास रहा कि आपसी समझौते से बात बन जाए तो घर टूटने से बच जाए। इस सोच में कहीं ना कहीं किसी हद तक महिला थाना कामयाब भी होता दिखाई दे रहा है।




नारनौल। महिला पुलिस थाना। फोटो: हरिभूमि

### प्रयास यहीं कि किसी का घर न टूटे



*महिला पुलिस थाना की एसएचओ मंजूषा से हरिभूमि ने बातचीत की। मंजू शाह का कहना था कि जनवरी से अब तक जो शिकायतें आई उनमें से 85 से 90 फीसदी तक आपसी रजामंदी करवाई और उनका घर टूटने से बचाया है। हम शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों की तीन बार काउंसलिंग करवाते है। बात नहीं बनती तो एडीआर सेंटर भेजते है, वहां भी करीब तीन बार ही काउंसलिंग करवाईजाती है। फिर भी मामला नहीं सुलझता है तो मजबूरन मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाती है। उनके हिसाब से थाना में जो शिकायतें आई, उनमें 70 से 80 फीसदी दहेज प्रताड़ना की है। जब दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की तो अन्य विवाद सामने आया। दहेज प्रताड़ना की शिकायतों में 30 से 40 फीसदी की सच्चाई और 60 से 70 फीसदी शिकायत में दूसरे विवाद मिले है। उनका प्रयास है कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया जाएं।*

### शिकायत दी दहेज डिमांड की, निकली दूसरी वजह

**उदाहरण-1 : मनमुटाव निकला कारण**

शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली लड़की की शादी सिंघाना वासी व्यक्ति ने साल 2019 में हुई। अब महिला के चार साल का बेटा है। शिकायत के समय महिला मायका में रह रही थी। महिला ने दहेज डिमांड करने की शिकायत ससुराल पक्ष के खिलाफ दी। जब दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की तो सामने मनमुटाव का मामला सामने आया। दोनों पक्षों की सहमति बनने पर शिकायत वापस ले ली गई।

**उदाहरण-2 : मैरिज सर्टिफिकेट पर साइन नहीं करना मिला कारण**

शहर के मोहल्ले में लड़की की शादी महेंद्रगढ़ में 2024 में हुई। शिकायत दहेज प्रताड़ना के साथ ससुराल पक्ष की कमियां बताई गई। कहा गया कि वह गर्भवती है। मैरिज सर्टिफिकेट की जरूरत है। अल्ट्रासाउंड और फैमिली आईडी के लिए। पति ने हस्ताक्षर कर दिए। ससुर ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। दोनों पक्षों को बुलाया तो दहेज प्रताड़ना का कोई मामला नहीं मिला। ससुर ने मैरिज सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर करने की हामी लिखित में भरी तो मामला सुलझ गया।

**उदाहरण-3 : दहेज प्रताड़ना नहीं घरेलू कहासुनी आई सामने**

पलवल की महिला का ससुराल नारनौल शहर में है। उसने थाना में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज के लिए मारपीट की शिकायत दी। दोनों पक्षों को बुलाया तो घरेलू कहासुनी सामने आई। छोटी छोटी बातों को विकराल रूप दिखाकर पेश करना कारण रहा। दोनों पक्षों को समझाया तो सहमति बन गई।

**उदाहरण-4 : पति करता है नशा, आरोप निकले निराधार**

एक महिला ने शिकायत दी। उसका ससुराल व मायका दोनों शहर में की है। आरोप लगाया कि साल 2022 में शादी हुई। पति नशा करता है। सफेद पाउडर चिट्ठा का सेवन करता है। बेटा हो गया फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ। पेंट में दर्द हुआ तो डाक्टर को दिखाने की बजाय पति ने ही इंजेक्शन लगा दिया। नशा खरीदने में पैसा कम पड़ने पर पत्नी को ही भेजने तक के आरोप लगाए गए। ससुर पर भी आरोप लगाए। गंभीर मामले होने पर दोनों पक्षों को बुलाकर जांच पड़ताल की तो नशा करने का आरोप निराधार मिला।

**उदाहरण-5: दूसरे मर्द से करती थी बातचीत**

एक शिकायत में बताया गया कि साल 2021 में शादी हुई। ससुराल पक्ष पर गाली गलौच, दहेज की मांग व पति शराब का सेवन करने का आरोप लगा। जब दोनों पक्षों को बुलाया गया तो पति ने लिखित में दिया कि वह शराब को कभी हाथ नहीं लगाएगा। बच्चे का भी ध्यान रखेगा। शिकायतकर्ता ने लिखा कि आगे से किसी भी मर्द से बात नहीं करूंगी। पति का कहना मानूंगी। आपसी मनमुटाव था, वह दूर हुआ।

**उदाहरण-6: पति के साथ रहने की बात आई सामने**

शहर की एक युवती की शादी कोटपुतली साल 2020 में हुई। उसका आरोप था कि ससुराल पक्ष दहेज की मांग, कार व पांच लाख की डिमांड करते है। दोनों पक्षों को बुलाकर मामला समझा तो पता चला महिला पति के साथ जहां भी पोस्टिंग होगी, साथ रहेगी। आपसी मनमुटाव बताकर दोनों पक्ष एक साथ रहने को सहमत हो गए।

# चोरों ने दो घरों से नकदी व जेवरात चुराए

**मंडी अटेली।** गांव खेड़ी में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात व करीब सात हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली है। चोरों ने एक मकान की छत पर सामान ले जाकर चोरी की। वहीं दूसरे मकान में सो रहे लोगों के बाहर से कुंदी लगाकर दूसरे कमरे से चोरी की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में गांव खेड़ी निवासी जयसिंह ने बताया कि वह राजस्थान के कोटपुतली में काम करता है। उसकी पत्नी घर में अकेली रहती है। उसकी पत्नी का उसके पास सुबह फोन आया कि उसके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है तथा साथ वाले कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। जिसके बाद वह गाड़ी लेकर घर पर आया। उसने देखा कि पड़ोस के लोग सूचना मिलने के बाद वहां पर एकत्र हो गए थे। घर आने के बाद उसने अपना सारा सामान चेक किया। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने जब सामान की जांच की तो देखा कि चोरों ने छह तोले सोने अंगूठी, चार जेंट्स सोने की अंगूठी करीब 16 ग्राम, सात जोड़ी चांदी के पाजेब, सोने की दो चेन करीब पांच तोला, सोने की तीन लेडिज अंगूठी करीब 12 ग्राम, एक सोने का लॉकेट करीब दस ग्राम, दो सोने के मंगलसूत्र करीब 12 ग्राम, दो जोड़ी सोने की झुमकी करीब 24 ग्राम, दो जोड़ी सोने के कंगन करीब 40 ग्राम, दो सोने की चूड़ी करीब 30 ग्राम, एक गले का सोने का सेट, गले की सोने की चेन, गले की रखड़ी, एक सोने का नथ वजन करीब 15 ग्राम, एक चांदी की चम्मच, एक चांदी की कटोरी, एक सेट चांदी का कुंडला चुरा लिया। वहीं चोर छह से सात हजार रुपये भी चुरा ले गया।



मंडी अटेली। घटना के बाद बिखरा पड़ा हुआ सामान।

## कीचड़ में पैर फिसलने से युवक की मौत

**मंडी अटेली।** अटेली बहरोड़ सड़क मार्ग पर गांव बिहाली के समीप कीचड़ में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सामान्य कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव बिहाली निवासी नरेंद्र उर्फ छोटू बीती सायं गांव की बणी के पास घुमने गया था कि बरसात के जमा पानी से बने कीचड़ में उसका पैर फिसल गया जिसमें गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



नारनौल। माता मरियम स्कूल में जमा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

## माता मरियम जनसेवा स्कूल में अंदर तक घुसा बारिश का पानी

**नारनौल।** माता मरियम जनसेवा स्कूल में अंदर तक बारिश का पानी घुस गया है। स्कूल प्रशासन के अनुसार इस मार्ग पर यह समस्या पिछले कई वर्षों से लगातार बनी हुई है। जिससे विद्यार्थियों को मोहल्ले की दूसरी गलियों में से पैदल चलकर विद्यालय आना पड़ता है। जिसके कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी प्रश्न खड़ा हो जाता है। बरसात के मौसम में आने वाले विभिन्न जीव जंतुओं के कारण भी बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, नालियों व सीवर के गंदे पानी के कारण पूरे विद्यालय में बदबू फैल जाती है। बदबू के कारण खड़ा रहना भी बहुत मुश्किल है। जिससे आगे चलकर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। खेल के मैदान में पानी जमा होने के कारण विद्यार्थियों की खेल संबंधित गतिविधियां भी बाधित होती है। ठहरे हुए पानी में मच्छर व अन्य कीटाणु पनपते हैं, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया जैसी भयानक बीमारियों के फैलने का डर बना रहता है। स्कूल प्रशासन ने कहा कि प्रशासन को इस समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि इस समस्या से जल्द से जल्द छुटकारा मिल सकें।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नारनौल।** निजामपुर के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक हिसार का रहने वाला था तथा एक सर्वे एजेंसी में मैनेजर के पद पर कार्य करता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। घायल युवक के दोस्त जितेंद्र शाहू ने बताया कि हिसार के गांव घुढ़साल निवासी 22 वर्षीय रवि कुमार, यहां एक प्राइवेट कंपनी में सर्वे मैनेजर के पद पर कार्य करता था। सोमवार देर शाम को करीब आठ बजे वह बाइक पर सवार होकर किसी काम से निजामपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को एम्बुलेंस की सहायता से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

**दिशा-निर्देश** खरीफ फसलों की खरीद को लेकर डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ली बैठक

# एक अक्टूबर से होगी बाजरे की सरकारी खरीद एमएसपी रेट 2775 रुपये प्रति क्विंटल देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खरीफ फसलों की खरीद की तैयारियों को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। जिले में खरीद प्रक्रिया एक अक्टूबर से शुरू होगी। एडीसी ओवर ऑल इंचार्ज होंगे तथा संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी होंगे।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद से संबंधित सभी तैयारियां समय से पहले पूरी करें। बाजरा खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मंडियों में नमी मापने वाले मीटर की व्यवस्था होनी चाहिए। बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। खरीद के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडियों के मुख्य द्वारों पर खरीद के मानदंडों वाले होर्डिंग लगाए जाएं। वहीं सफाई और रोशनी के लिए पर्याप्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस बैठक में महेंद्रगढ़ की एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण, डीएफएससी कुशलपाल बुरा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।




नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर 75524 किसानों ने कराया पंजीकरण

उप कृषि निदेशक के आंकड़ों के अनुसार मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 259228 एकड़ क्षेत्र को कवर करते हुए 75524 किसानों ने पंजीकरण कराया है। इस बार प्रति एकड़ आठ क्विंटल की अनुमानित उपज के आधार पर बाजरा का कुल अनुमानित उत्पादन 2073824 क्विंटल है। इस साल कुल अनुमानित खरीद 141435 मीट्रिक टन है, जिसमें से हैफेड की ओर से 60000 मीट्रिक टन व हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉर्पोरेशन की ओर से 81435 मीट्रिक टन की खरीद का अनुमान है।

### खरीफ फसल के लिए ये होंगी मंडी

बाजरे की खरीद के लिए नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली, महेंद्रगढ़, सतनाली व कनीना सहित कुल छह मंडियां आवंटित की गई हैं।

खबर संक्षेप

## आजमाबाद मौखुता के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय आजमाबाद मौखुता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के अध्यापक शिवदत्त ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में आरती ने प्रथम, कवितापाठ प्रतियोगिता में कनिष्का ने प्रथम, निबंध प्रतियोगिता में हेजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य बाबूलाल व मुख्य अध्यापक पवन कुमार ने तीनों विद्यार्थियों को बधाई दी। यह प्रतियोगिता राज्य शिक्षा व अनुसंधान परिषद गुरुग्राम के संयोजन में आयोजित की गई थी।

## मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी आयोजित

**कनीना।** पीकेएसडी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के तौर तरीके बताए गए। प्राचार्य डॉ. विनोद यादव ने बताया कि प्रदेश व केन्द्र सरकार की पहल तथा उच्चतम न्यायालय की ओर से हाल ही में जारी किए गए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी दिशानिर्देशों की अनुपालन में आयोजित इस संगोष्ठी में कार्य के दबाव, खानपान व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया।

## डिजिटल भारत बनाने में विज्ञान की अहम भूमिका

**मंडी अटेली।** स्थानीय पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय विज्ञान ड्रामा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य कुसुम लता ने किया। विज्ञान ड्रामा कार्यक्रम के संयोजक प्रवक्ता नवरत्न ने बताया कि आज के वैज्ञानिक युग में हमें वैज्ञानिक सोच रखनी चाहिए।

### दिनभर में कई बार हो जाती है सड़क जाम, आमजन परेशान

# चालक भी सवारी बैठाने के चक्कर में बीच सड़क पर खड़ी कर देते है प्राइवेट बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ऑटो के कारण शहर के मुख्य बस अड्डे के सामने जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो जाम ऐसे लगता है कि दुपहिया व चार पहिया वाहन तो क्या, पैदल चलने वालों को भी गुजरना मुश्किल भरा हो जाता है। इस बारे में न तो बस अड्डा प्रशासन और न ही यातायात पुलिस इस ओर ध्यान दे रही है। जिसके कारण रोजाना राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बस स्टैंड के मुख्यद्वार पर प्राईवेट बसें सवारियों के लिए बीच सड़क पर खड़ी कर देते हुए, जिसके चलते सड़क पर जाम लग जाता है।

बता दें कि महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से रोजाना हजारों की संख्या में यात्री आसपास के गांवों से लेकर, राजस्थान, पंजाब चंडीगढ़ और दिल्ली की तरफ सफर करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या रेवाड़ी, जयपुर व दादरी की तरफ जाने वाले यात्रियों की होती है। इसके बाद साथ लगते प्रदेश राजस्थान की तरफ भी अच्छी खासी संख्या में यात्री सफर करते हैं। बस स्टैंड से रोडवेज की बसों के साथ-साथ निजी बसें भी गुजरती हैं। ऐसे में कई बार बस स्टैंड से बस बाहर निकालने के साथ उसे सवारी चढ़ाने के लिए गेट के सामने खड़ा कर देते हैं, जिससे कई बार मुख्य रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

इसके अलावा बस स्टैंड स्थित रोड पर जाम का दूसरा मुख्य कारण ऑटो चालक बनते हैं। ज्यादा से ज्यादा यात्रियों बैठाने के चक्कर में वे अपने ऑटो को होड़ में एक-दूसरे के आगे लगा देते हैं, जिस कारण वहां पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। वहीं यात्रियों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा नियम बनाए गए हैं, लेकिन इन्हीं नियमों को ताक में रखकर प्राईवेट बस और ऑटो चालक इनका पालन नहीं करते, जिस कारण यह अव्यवस्था बनती है।



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड के सामने बीच सड़क पर खड़े ऑटो। फोटो : हरिभूमि

### ऑटो चालक कर लेते हैं सड़क पर कब्जा

सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने कहा कि बस स्टैंड के सामने बेतरतीब ढंग से आधे रोड को ऑटो चालक कब्जा किए रहते हैं। यहां से वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल राहगीर को भी परेशानियां होती हैं। जब इन ऑटो चालकों को साइड में वाहन को खड़ा करने के लिए गुजारिश की जाती है तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का ध्यान दुकानदारों की ओर से किए जा रहे अतिक्रमण पर तो है, लेकिन ऑटो चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मांग की है कि बस स्टैंड पर ऑटो चालकों के लिए व्यवस्था ठीक की जाए।



नारनौल। श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की टीम प्रथम

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में मंगलवार को ब्लॉक लेवल साइंस ड्रॉमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के लगभग 10 स्कूलों के 85 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका की टीम प्रथम स्थान पर रही। वहीं दूसरे स्थान संयुक्त रूप से गर्वमेंट स्कूल नांगल दर्गु व गर्वमेंट मॉडल स्कूल नियाजअलीपुर तथा तीसरा स्थान गर्वमेंट कॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉ आर्डिनेटर अजय कुमार उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका गर्वमेंट मॉडल स्कूल धौलेड़ा के रसायन विभान अध्यापक राकेश कुमार, गर्वमेंट नांगल चौधरी स्कूल के जीव विज्ञान के अध्यापक सत्यपाल व गर्वमेंट बूढ़वाल के भौतिकी विभाग के अध्यापक सुकेश कुमार ने निभाई। श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका के प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था।

## जेजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**नांगल चौधरी।** जेजेपी के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर व प्रभारी विनोद भील ने सिरोही बहाली, अकबरपुर, कालबा, नायन, नियामतपुर, बनिहाड़ी, बूढ़वाल, तोताहेड़ी, दोंगली समेत 15 गांवों में जनसंपर्क करके ग्रामीणों को पांच सितंबर के प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन का निमंत्रण दिया। नांगल चौधरी अनाज मंडी से 200 बाइकों का जत्था सम्मेलन के लिए रवाना होगा। कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने के लिए 150 वालियंटर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का नांगल चौधरी हलके से विशेष लगाव रहा है। जजपा सुप्रीमो डॉ. अभय सिंह चौटाला ने हलके के रायमलिकपुर से चंडीगढ़ तक पैदल यात्रा करके राजनीतिक सफर आरंभ किया था। जजपा भाजपा सरकार में डिप्टी सीएम रहे दुष्यंत चौटाला ने दक्षिण हरियाणा के विकास को विशेष प्राथमिकता दी थी।

## श्रीमद्भागवत में सुनाई श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के रेलवे रोड पर स्थित मास्टर कॉलोनी के किशोरी कुंज में राठी परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञानोत्सव के दौरान वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास आचार्य योगेश महाराज ने कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पूतना वध, माखन चोरी, मटकी फोड़, ऊखल बंधन, कालिया नाग मर्दन, गोवर्धन पूजा का वर्णन किया गया। इस दौरान प्रवक्ता अमरसिंह सोनी के निर्देशन में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गोवर्धन महाराज की मनमोहक झांकियां भी पेश की गई तथा राठी परिवार की ओर से झूम झूमकर श्री गोवर्धन पूजा की बधाइयां बांटी गई। कथा के मुख्य यजमान सुरेश राठी ध्ममता राठी व अभिषेक राठी, पूजा राठी सपरिवार थे, जबकि पूजन का कार्य आचार्य त्रिलोक शास्त्री ने करवाया। उन्होंने बताया कि तीन सितंबर को कथा में कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया जाएगा व चार सितंबर प्रातः 9:15 बजे हवन पूजन और गुरु पूजा से कथा का समापन किया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी, पूर्व नपा प्रधान रीमा बंटी, उमा खुराना, कौशल्या अग्रवाल, मनीष एमडी, नरेश चेयरमैन, ब्रांड एंबेसडर मुकेश मेहता, बनवारीलाल जयपुर, वेद धरसूं वाले, बैंगलोर से मनोज कुमार, पवन कुमार, गुलाब, सुनीता, राज दुलारी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। कथा के दौरान झांकी प्रस्तुत करते बच्चे।

## कॉलेज में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत छात्रों में रचनात्मकता और उद्यमिता चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी विचारशीलता तथा सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमकुम को द्वितीय स्थान व सिमरन को तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। विजेता को कार्यक्रम के अंत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने की। संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नीतू शर्मा ने किया। समापन अवसर पर डॉ. पविता यादव, पूजा रानी, डॉ. विजिया बाई और डॉ. मुकेश कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## विद्या देवी स्कूल की रितिका ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली की छात्रा रितिका यादव पुत्री देवेन्द्र यादव निवासी बेगपुर ने हाल ही में चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10000 मीटर वॉक रेस में रजत पदक हासिल किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में रितिका व उनके पिता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार यादव ने कहा कि विद्यालय शुरू से ही खेलों के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता रहा है। उसी का परिणाम है कि रितिका जैसी खिलाड़ी आज राज्य स्तर पर उपलब्धि हासिल कर रहे हैं और विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में सम्पन्न हुई एसजीएफआई जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने हैरान कर देने वाले प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। विद्यालय से एथलेटिक्स में 11 लड़कियों व आठ लड़कों ने जिला स्तर पर जीत हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है।चेयरमैन तेजपाल यादव, डायरेक्टर विक्रांत यादव, प्राचार्य राजकुमार यादव, सचिव विधा देवी, डॉ. विकास यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



नारनौल। छात्रा रितिका यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं की शक्ति को नई उड़ान देगी लाडो लक्ष्मी योजनाः यतेंद्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व जिला मंत्री अर्चना ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू कर महिलाओं का पूरा मान सम्मान कर रही है, वहीं दूसरी और बिहार में कांग्रेस की सभा में महिलाओं के खिलाफ अपशब्द बोलकर पूरी नारी शक्ति का अपमान किया जा रहा है। मंगलवार को जारी बयान में यतेंद्र राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 2100 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जो की महिलाओं का सम्मान है।



यतेंद्र राव



अर्चना ठाकुर

## नारनौल में जननायक जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यक्रम पांच सितम्बर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद ने सतनाली चौक स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पांच सितम्बर को शाम तीन बजे नारनौल के सिटी मैरिज पैलेस में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला होंगे। उनके साथ हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी कार्यकर्ताओं से मिलने नारनौल पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष राजुकमार खातोद ने बताया कि यह चुनाव के बाद जेजेपी का प्रदेश स्तर पर पहला बड़ा सम्मेलन है। पिछले दिनों पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया था, जिसमें हर हलके से पांच हजार नए साथियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। जिलेभर के कार्यकर्ताओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।



महेंद्रगढ़। पत्रकार वार्ता करते जिला अध्यक्ष राजकुर खातोद।

## गणेश उत्सव का आयोजन

**नारनौल।** नूनी सेखपुरा मोड़ स्थित गणेश उत्सव वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित भव्य गणेश महाउत्सव में मंगलवार को विशेष अतिथि के रूप में प्रधान सैनी सभा बिशन सैनी, प्रमुख समाजसेवी बंसीलाल व आदर्श स्कूल भुंगारका के प्राचार्य प्रवीण शर्मा ने शिरकत की। अतिथियों ने गणपति जी की आरती में भाग लेकर समाज को एकता, भाईचारा, संस्कृति और सेवा की दिशा में प्रेरित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव समाज में आपसी सौहार्द और संस्कारों को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सोसायटी की समिति की ओर से सभी मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की कामना की।

### सार्वजनिक सूचना

मैं पूर्णमल पुत्र मोहन वासी ग्राम नेहरू नगर गडवा तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जसंवत व पुत्रवधु मनीषा मेरे कहे अनुसार नहीं चलते हैं और अपनी मनमानी करते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से गेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



कनीना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## आरआरसीएम स्कूल ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में हासिल किया तीसरा स्थान

**कनीना।** आरआरसीएम स्कूल ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय की टीम ने भाग लिया, जहां आरआरसीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी सटीक प्रस्तुति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मंचीय कौशल से सभी का मन मोह लिया। चेयरमैन रोशन लाल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया है। यह उपलब्धि केवल विद्यालय लिए गौरव का विषय है। हम बच्चों को हमेशा विज्ञान और शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। वहीं प्रिंसिपल हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की मेहनत और टीम भावना का नतीजा है। विज्ञान नाट्य के माध्यम से बच्चों ने समाज को जागरूक करने वाला महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किया।

## सरस्वती स्कूल भोजावास पौधरोपण करने का लिया संकल्प

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने जन्मदिन पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया, साथ ही उन्होंने गांवों में पर्यावरण बचाओ सेमिनार लगाने की योजना बनाई है। कार्यक्रम में 23 विद्यार्थियों ने पौधारोपण करके उपहार स्वरूप फलदार पौधे बांटे हैं। पर्यावरण प्रेमी विद्यार्थियों को संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। जिससे विभिन्न जीव जंतुओं का आस्तित्व खतरे में पड़ गया। किसान हितैषी जंतुओं को नुकसान होने से फसलों में कीड़ों व दीमक का प्रकोप बढ़ गया है। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषित होने से ग्लोब वार्मिंग का खतरा बढ़ गया है। सर्दियों में अधिक सर्दी, गर्मियों में असहनीय गर्मी तथा वर्षाकाल में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने का मुख्य कारण प्रकृति का दोहन ही है। बचाव के लिए लोगों को पौधों से लगाव बढ़ाना होगा, क्योंकि पौधों में तापमान को संतुलित रखने की क्षमता होती है।



## सेवानिवृत्ति सर्विस प्रक्रिया का हिस्साः डीएम

**कनीना।** सेवानिवृत्ति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। ये बात हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने दी कनीना सहकारी विपणन समिति के सेल्समैन भरपूर सिंह की सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भरपूर सिंह ने अपनी मेहनत के बल पर समिति को लाभ की स्थिति में पहुंचाया। उनकी ओर से किए गए कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। उनके कठिन परिश्रम को अन्य कर्मचारी प्रेरणा स्रोत के रूप में लेते हैं। उन्होंने 28 वर्ष तक विभाग में अपनी सेवाएं दी। पूर्व प्रबंधक जगदीश कुमार ने कहा कि भरपूर सिंह ने जिस निष्ठा व ईमानदारी से सेवाएं दी, वे सराहनीय रही हैं। कनीना व्यापार मंडल के प्रधान रविंद्र बंसल ने कहा कि समिति के सेल्समैन के पद पर रहते हुए भरपूर सिंह ने व्यापारी वर्ग व ग्राहकों में सम्मानजनक स्थान बनाया हुआ है।



नारनौल। डीएवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जिलास्तरीय कबड्डी व खो-खो में डीएवी ने जीता रजत पदक

**नारनौल।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 30 अगस्त को राजकीय उच्च माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली में जिला स्तरीय खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमएलएस डीएवी स्कूल से भी विद्यार्थियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए अंडर-19 बॉयज खो-खो व अंडर 19 बॉयज कबड्डी में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य में नई ऊंचाइयां छूने के लिए शुभकामनाएं दी।

## ताइक्वांडो में लक्ष्य ने पाया गोल्ड

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र नूनी अव्वल में स्थित भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी लक्ष्य पुत्र हनुमान ने प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल किया है। अंबाला में 16वीं हरियाणा स्टेट सीनियर बॉयज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और यह गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

इस छात्र लक्ष्य के स्कूल आगमन पर स्कूल परिवार से स्वागत किया। इस दौरान स्कूल चेयरमैन हजारीलाल सैनी ने लक्ष्य को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि लक्ष्य ने स्कूल ही नहीं, गांव, माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभी लक्ष्य को इसी तरह खेलों में अपनी प्रतिभा का अवसर दिखाकर नेशनल स्तर पर भी अपना नाम रोशन करना है। वहीं चेयरमैन ने हिमांशु पुत्र बलबीर को ब्रांच मेडल हासिल करने पर सम्मानित किया।





# BR GROUP OF INSTITUTIONS

Empowering Education

"सही वक्त पर लिया गया निर्णय ही आपके सपनों को पूरा कर सकता है।"

## ADMISSION OPEN 2026-27

### 12th TOPPERS - 2025

96% TAMANNA D/O SH. RAVI KUMAR
94% PRINCE S/O SH. AJIT SINGH
94% UPASNA D/O SH. SUNIL
93.6% NIKITA D/O SH. GAJENDER

USHA D/o Sh. MUKESH 93.2%
SHAGUN D/o Sh. VIJAY 92.6%
NIKITA D/o Sh. VEERPAL 90.6%
POOJA D/o Sh. RAMPAL 87.2%
ANNVI D/o Sh. JAI BHAGWAN 86.6%
PANKAJ S/o Sh. GORI SHANKAR 86%
REKHA D/o Sh. KULDEEP 85.6%
DIKSHIT S/o Sh. UMED SINGH 85%
VANSH S/o Sh. RAJBIR 84.8%
TAMANNA SHARMA D/o Sh. SHIV KUMAR 83%
SAHIL S/o Sh. RAJ KUMAR 82.6%
SNEHA D/o Sh. SUNIL 82%
SONU S/o Sh. BABULAL 82%
YOGESH S/o Sh. SURENDER 81.8%
SAKSHI D/o Sh. JASWANT 81.2%
SANDEEP S/o Sh. JILE SINGH 81%
SAMIR S/o Sh. HEMRAJ 80.4%
PALAK D/o Sh. DEVENDER 79.6%
NITISH S/o Sh. SUKHENDER 79.4%
SAKSHAM S/o Sh. SANJEEV KUMAR 79.2%
RINKU S/o Sh. RAM AVTAR 79.6%
SHAKSHI D/o Sh. AMIT 78.4%
TAMANNA D/o Sh. PRADEEP 78.4%
MOHIT S/o Sh. SANJAY 78.2%
NIDHI D/o Sh. AJAY 77.8%
MANSHI D/o Sh. SATPAL 77.2%
PRAVESH S/o Sh. RAM CHANDER 77.2%
MUSKAN D/o Sh. SANJAY KUMAR 76.8%
CHETNA D/o Sh. ROHTASH 76.6%
NIKHIL S/o Sh. MUKESH 76.6%
ARJU D/o Sh. SAMSHER 76.2%
HARSH KUMAR S/o Sh. INDERJEET 76%
PREETAM S/o Sh. JAGDISH 75.4%
NITISHA D/o Sh. INDRAJ 75.2%
NIKHIL S/o Sh. RAJESH 75%

### 10th TOPPERS - 2025

93.4% DIVYA D/O SH. VIRENDER
92% VASHISTHA D/O SH. DINESH
91.2% PRIYANSHI D/O SH. JAIPAL
90.8% SUMIT S/O SH. AMAR SINGH
90.6% MUSKAN D/O SH. RAVI KUMAR

NEERAJ S/o Sh. VED PRAKASH 87.6%
HIMANSHI D/o Sh. PAWAN 87.6%
SAKSHI YADAV D/o Sh. CHANDERBHAN YADAV 87.4%
KHUSHBOO D/o Sh. BALRAJ 87.2%
PRACHI D/o Sh. DHANRAJ 87%
CHIRAG YADAV S/o Sh. UMESH 86.4%
JIYASH So Sh. RAM MOHAN 85.2%
KAMALKANT S/o Sh. VRIJ MOHAN 83.8%
SAKSHI D/o Sh. ASHOK 83.6%
DUSHYANT S/o Sh. AJIT SINGH 83.4%
YASH S/o Sh. MUKESH 83.2%
SACHIN S/o Sh. PRAVEEN KUMAR 83.2%
SHEETAL D/o Sh. PRAVEEN KUMAR 83%
PRACHI D/o Sh. SANJAY 81.6%
SUBHAM S/o Sh. SANDEEP 80.2%
SAPNA D/o Sh. BALWAN 79.4%
SARITA D/o Sh. RAMMHER 79.4%
RUPESH S/o Sh. BALJEET 78.8%
PUSPENDER S/o Sh. HARISH CHANDER 78%
KHUSHI D/o Sh. JAGDISH 77.6%
POOJA D/o Sh. KRISHAN KUMAR 77.4%
VISHAL S/o Sh. PRADEEP 77.4%
SAHIL S/o Sh. SATISH 77.4%
ROHIT S/o Sh. MUKESH 76.6%
HAPPY S/o Sh. RAJESH 76.6%
RITIK S/o Sh. PARVEEN 76.4%
RITIKA D/o Sh. AJAYPAL 75.8%
MAHAK D/o Sh. SATPAL 75.4%
DILASHA D/o Sh. SURENDER 75.4%
AASHA D/o Sh. MOJIRAM 75.2%

*A Proud Moment for BR Group ..........*
*Qualified*
## AISSEE-2025
*Entrance Examination-*



SPECIAL COACHING FACILITIES
- IIT - NEET - NTSE - KVPY
- RAI SPORTS SCHOOL
- SAINIK SCHOOL
- NAVODAYA SCHOOL ETC..

SPECIAL SPORTS FACILITIES
- Kho-Kho - Kabaddi - Badminton
- Boxing - Volleyball - Archery
- Karate and all athletics games

## BR GROUP OF COLLEGES
Affiliated to IGU Meerpur, Rewari

क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज

ADMISSION OPEN

SESSION 2025-26

LIMITED SEATS AVAILABLE

Courses Available
- * BBA * BCA * BA
- * B.Com. * B.Sc. (Medical)
- * B.Sc. (Non Medical)
- * B.Sc. (Computer Science)
- * D.El.Ed. * B.Ed.

Apply Online at www.brcollege.edu.in

SC विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के आधार पर एडमिशन

Sehlang, Mahendergarh | Birhi Kalan, Charkhi Dadri

9416344514 || 9991647879 | info@brschool.edu.in | www.brschool.edu.in

# मलेरिया फैलने की आशंका पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 15831 घरों के वाटर टैंक जांचे

हरिभूमि न्यूज ⏭निजामपुर

लगातार हो रही बारिश से कूड़ा करकट में मच्छर पनपने लगे हैं। चिंतित स्वास्थ्य विभाग ने डोर टू डोर चेकअप अभियान शुरू कर दिया तथा घरों घरेलू वाटर टैंकों में मच्छरों के लारवे की जांच हो रही है। नांगल चौधरी सीएचसी के अंतर्गत विभिन्न गांवों में सात परिवारों के सदस्य मलेरिया से पीड़ति मिले हैं। जिन्हें उपचार मुहैया कराने केघरों के आसपास फॉगिंग कराई गई है। जलभराव में लाल दवाई डाली गई है, ताकि मच्छरों के प्रजन्न पर अंकुश लग सके। आशा वर्कर व एएनएम की मदद से नियमित रूप से पीड़ितों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**खास बातें**

- सार्वजनिक स्थलों व मलेरिया पीड़ितों के घरों के आसपास फॉगिंग कराने में जुटी विभागीय टीम
- प्रशासन ने लगाए कई कर्मचारी

## विभिन्न गांवों में सात परिवारों के सदस्य मलेरिया से पीड़ित मिले

### नियमित सफाई व्यवस्था बाधित होने से पानी में संक्रमण फैलने लगा

आपको बता दें कि एक सप्ताह से मानूसन फिर सक्रिय हो गया है। एनसीआर समेत पूरे प्रदेश में भारी बारिश हो रही है, जिससे गांवों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। वाटर टैंक तथा सार्वजनिक टंकियों की नियमित सफाई व्यवस्था बाधित होने से पानी में संक्रमण फैलने लगा है। शिकायत मिलने पर नांगल चौधरी सीएचसी प्रशासन अलर्ट हो गया, एसएमओ ने तत्परता पूर्वक 26 टीमों का गठन करके गांवों में नियमित रूप से चेकअप करने की जिम्मेवारी सौंपी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीते 15 दिनों में 15831 घरों के वाटर टैंकों को चेक किया है। लैब की रिपोर्ट में सात घरों के टैंकों में मच्छरों का लारवा मिला है तथा इन्ही परिवारों के सात सदस्य मलेरिया से पीड़ति होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट मिलते ही विभागीय अधिकारी अलर्ट मोड़ में आए गए, आनन फानन में संबंधित गांवों में फॉगिंग कराई गई है। विभागीय चिकित्सकों के मुताबिक बारिश के जलभराव में डेंगू का लारवा पनपने की प्रबलता बनी हुई है। बीते 10 से 15 दिनों से अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई मरीजों की रक्त प्लेट 20 से 40 हजार तक आने लगी है, जिससे चिकित्सकों को डेंगू संक्रमण होने की आशंका प्रबल हो गई।



निजामपुर। गांवों में पानी के होदों में मच्छरों का लार्वा चेक करती विभागीय कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### सीएचसी इलाज के पुख्ता प्रबंध

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ. अशोक यादव ने बताया कि मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए टीम का गठन किया हुआ है, जो कि प्रत्येक गांव में जाकर घरों में वाटर टैंक, होद का निरीक्षण कर रहे हैं, जहां डेंगू का लारवा मिलेगा उन्हें नोटिस देकर टैंक को खाली कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी में मलेरिया, डेंगू के इलाज का पुख्ता प्रबंध है।

### संदेहास्पद 740 मरीजों के ब्लड की हुई जांच, रिपोर्ट निगेटिव

हेल्थ निरीक्षक धर्मबीर यादव ने बताया कि विभागीय टीम ने विभिन्न गांवों में 740 संदेहास्पद मरीजों का ब्लड सैंपल लिया है। लैब में जांच करने के बाद सभी की रिपोर्ट नगेटिव होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर महीने तक गांव गांव जाकर बुखार पीड़तिों के ब्लड सैंपल लेने का शेड्यूल बनाया है। एएनएम व आशा वर्करों को प्रत्येक गांव में मोहल्ले वाइज जलभराव व मरीजों पर नजर रखने की हिदायत है।

## खबर संक्षेप

### राधा कृष्णा मंदिर में कुश्ती दंगल आज

**नांगल चौधरी।** भुंगारका के भादोड़ा पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में तीन सितंबर को कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें विजेता पहलवानों को निर्धारित पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। महंत सच्चिदानंद ने बताया कि मंदिर में झल झूलनी एकादशी को कुश्ती मेला व शोभायात्रा निकालने की परंपरा बनी हुई है।

### प्रधान ने वाहन उपलब्ध करवाने की रखी मांग

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने बीडीपीओ को पत्र सौंपकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य में आ रही परेशानी से अवगत करवाया। उन्होंने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को कचरा उठाने के लिए स्वचालित वाहन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि गांवों में कूड़ा दूर ले जाना पड़ता हैं, जिससे रेहड़ियों में टूट-फूट हो जाती है।

### गगन सैनी का आमरण अनशन चौथे दिन जारी

**महेंद्रगढ़।** सैनी सभा प्रशासक व जिला रजिस्ट्रार की ओर से समाज के एक वर्ग को चुनाव में शामिल नहीं करने के विरोध में शहर वार्ड नंबर तीन वासी गगन सैनी का आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। अनशनकारी की हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। अनशनकारी गगन सैनी ने कहा कि या तो जिला रजिस्ट्रार व सैनी सभा प्रशासक अपनी गलती सुधारें अन्यथा सैनी क्षत्रिय सभा के चुनाव नहीं रुकने तक अन्न जल को त्याग कर आमरण अनशन पर रहेंगा।

### नपा ने सार्वजनिक स्थलों में फॉगिंग कराई

**नांगल चौधरी।** नपा प्रशासन ने शहर के सार्वजनिक स्थलों में सफाई व फॉगिंग कराई। जलभराव में लाल दवाई डालकर मच्छरों के लारवा को खत्म किया। इसके बाद सफाई कर्मचारियों ने घरों के आसपास स्वच्छता रखने का संदेश दिया तथा पौष्टिक भोजन खाने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम की अगुवाई सचिव ललित गोयल ने की।

### आशा वर्कर्स प्रदर्शन में होंगी शामिल

**नारनौल।** आशा कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की राज्य महासचिव मधु देवी ने बताया कि एआईयूटीयूसी ऑल इंडिया कमेटी के आह्वान पर चार सितंबर को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन व धरने में प्रदेश तथा जिलाभर की आशा कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर शामिल होंगी। जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

## मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# 11 दिन में 300 एमएम से अधिक बारिश खत्म होने के कगार पर पहुंची फसलें





नारनौल। खेत में बारिश का पानी जमा होने से खराब हो रही बाजरे की फसल, बारिश से अंकुरित होने लगे बाजरे के सिट्टे।



कनीना। बारिश में खेतों में काम करते किसान। फोटो: हरिभूमि

**लगातार बारिश से फसलों में नुकसान, अब तक जिले में 300 एमएम बारिश, पिछले 11 दिनों से लगातार हो रही है जिला महेंद्रगढ़ में बारिश पककर तैयार है बाजरे की फसल, किसान मौसम साफ होने का कर रहे है इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में लगातार हो रही बारिश से बाजरे की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी बाजरे की फसल गिर गई है। वहीं काटकर सूखने के लिए रखे बाजरे के सिरटे भी बारिश व नमी के कारण खराब होने लग गए है। एक तरफ किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे है, तो दूसरी ओर मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने किसानों की चिंता को और बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिन तक भारी बारिश की संभावना जताई है। बता दें कि जिले में बाजरे की फसल पककर तैयार है और किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे है, लेकिन मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में चार सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। बाजरे की फसल पककर तैयार है और लगातार बारिश से फसल को और अधिक नुकसान हो सकता है।

### किसानों की बढ़ेगी परेशानी

बारिश के कारण बाजरे की फसल गिरने से उत्पादन पर असर पड़ेगा। इसके अलावा फसल में अंकुरण व फफूंद लगने से गुणवत्ता खराब हो सकती है। वहीं लगातार बारिश से खेतों में जलभराव हो सकता है। जिससे फसल को और नुकसान हो सकता है। ऐसे में यह बारिश ने किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

### जिले में 11 दिन में 311 एमएम बारिश

जिले में 23 अगस्त से दो सितंबर यानी मंगलवार सायं पांच बजे तक करीब 311.5 एमएम बारिश हुई है। जिसमें 23 अगस्त को 12 एमएम, 24 अगस्त को 25 एमएम, 25 अगस्त को 38 एमएम, 26 अगस्त को 51 एमएम, 25 अगस्त को बूंदाबांदी, 28 अगस्त को 14.5 एमएम, 29 अगस्त को 74 एमएम, 30 को हल्की बूंदाबांदी, 31 अगस्त को 66 एमएम, एक सितंबर को 15 एमएम व दो सितंबर को 15.8 एमएम बारिश हुई है।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग

ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग को लेकर भिवानी महेंद्रगढ़ से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। जिसमें सांसद ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ उनके संसदीय क्षेत्र में अत्यधिक बारिश हुई है। विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ में सबसे अधिक बारिश हुई है। जिससे कई गांवों में बाजरा व कपास की फसल पूरी तरह नष्ट हे गई है। इसलिए मुआवजे के लिए शीघ्र पोर्टल खोला जाए। जिला ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल बंद है, जबकि यहां पर गत दिनों में बहुत अधिक बारिश हुई है। ऐसी आपदा की स्थिति में तुरंत पोर्टल खोलकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल शीघ्र नहीं खोला गया, तो नुकसान का सर्वे व क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया में देरी हो सकती है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ेगी।

### किसानों ने सरकार से मांगा मुआवजा

**कनीना।** क्षेत्र में पिछले तीन दिन में हुई 50 एमएम बारिश का पानी सड़क से लेकर खेतों तक जमा हो गया है। बारिश से क्षेत्र में उन्नति का प्रतीक समझी जाने वाली बाजरा व कपास की फसल पूरे सब डिवीजन में नष्ट हो गई है। कपास के खेतों में बारिश का पानी जमा होने से काली पड़ गई है, तो बाजरे में फुटाव होने से किसानों को मोटा नुकसान हो गया है। पीड़ित किसान नरेंद्र कुमार, सुखबीर सिंह छितरौली, सत्यवीर सिंह, रतिराम रामबास, शिवकुमार, मोतीलाल खेड़ी तलवाना, अमर सिंह, राजेंद्र कुमार गुढ़ा, विनोद कुमार, संतलाल भोजावास, राजीव, मनीष कुमार बव्वा ने बताया कि बाजरा व कपास की बंपर पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। हालांकि बारिश के दौरान किसान खेतों में रहकर कार्य करने में जुटे हुए है, लेकिन बाजरा पुनः अंकुरित हो रहा है। वहीं कपास की फसल भी पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि सरकार की हिदायत अनुसार भू राजस्व विभाग के अधिकारियों को खराब हुई फसल का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को भी जल्द ओपन किया जा सकता है।

### यह है अनुमान

मौसम विभाग का अनुमान मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि चार सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना। अगले दो या तीन से चार दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। बुधवार को भी अच्छी बारिश, जबकि चार सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार जिले में पांच सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बारिश का सिलसिला जारी रहने से फसल को और नुकसान हो सकता है।



कनीना। एसडी स्कूल ककराला में विद्यार्थियों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## एसडी स्कूल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- छात्रों को सम्मानित करते हुए पूर्व मंत्री ने किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

शिक्षा विकास की धुरी है। इससे न केवल व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि शिक्षित परिवार भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। यह विचार एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में में युवा सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हमें मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं, जो सबके लिए वरदान है। समारोह में सह विभाग कार्यवाह सुभाष भिवानी स्वामी सर्पणा नन्द दड़ोली भी उपस्थित थे। उन्होंने दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान मेधावी छात्रों ने अपने संस्मरण भी सुनाए। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने मुख्य अतिथि सहित बाहर से आए प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।



नारनौल। राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## राव नेतराम स्कूल के खिलाड़ी अव्वल

**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद व अटेली में आयोजित की गई। जिसमें राव नेतराम पब्लिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपना दम-खम दिखाया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि अंडर-19 लड़कों की कबड्डी में हर्ष, कौशल चयनित हुए। लॉन्ग जम्प में दीपक प्रथम, रिले रेस में योगेश, अमन, आदित्य, दीपांशु प्रथम, क्रिकेट में जतिन, आदित्य, मितेन्द्र चयनित, अंडर-17 कबड्डी में मंयक, परमजीत, शुभम, हर्ष, रितिक चयनित, रिले रेस में शुभम, परमजीत प्रथम रहा। लड़कियों में कबड्डी में नियती, खुशबू, सिमरन चयनित, 100 मीटर व 200 मीछर रेस में प्रथम, लॉन्ग जम्प में नियति प्रथम, 300 वॉक रेस व 800 मीटर रेस में प्रिया प्रथम, रिले रेस में नियति, खुशबू, नन्दनी, सिमरन प्रथम, अंडर-14 लड़कों कबड्डी में द्वितीय स्थान मिला। जिसमें सुमित, रूद्र, मंयक, यक्ष चयनित हुए। शॉटपुट व लॉन्ग जम्म में सुमित प्रथम, 600 मीटर रेस में रूद्र द्वितीय, 80 मीटर हरडल में आयान प्रथम, अंडर-11 लड़कियों की कबड्डी में प्रथम व लडकों में कबड्डी में द्वितीय रहा।

## मोटा ब्याज पर पैसा देने वाले सूदखोर की पुलिस से करें शिकायत, होगी कार्रवाई

- एसपी ने डीएसपी, थाना प्रबंधकों के साथ की बैठक
- सीलिंग प्लान के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के एसपी ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार अपने कार्यालय में डीएसपी, थाना प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराया और उनकी पालना करने के निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान उन्होंने सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रात के समय में ईआरवी, पीसीआर, राइडर की चैकिंग करें और उन पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रभावी ढंग से गश्त कराएं। पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि रसूखदार और उच्च ब्याज दर पर पैसे देने वाले सूदखोर व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। शिकायत मिलने पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें। हर्ट के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई कर जल्द से जल्द निपटाएं। मामलों में निष्पक्ष जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार करें।

### पटाखा बजाने वाले वाहन पर करें सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों जैसे गलत लेन में वाहन चलाने वाले, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बुलेट बाइक से पटाखा बजाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त व प्रभावी कारवाही करें। इसके साथ ही गाड़ी में सायरन लगवाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

